
# विवरणिका
# Prospectus
# 2026-27

## मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम
किशोर एवं प्रौढ़ ( 14 वर्ष से अधिक आयु समूह )

## Open Basic Education Programme
Adolescent and Adults (Above 14 years age group)



विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्
NIOS

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

National Institute of Open Schooling

# विवरणिका/Prospectus
# 2026-27

## मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम
## Open Basic Education Programme
### किशोर एवं प्रौढ़ ( 14 वर्ष से अधिक आयु समूह )
Adolescent and Adults (Above 14 years age group)


NIOS

**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**

**National Institute of Open Schooling**

(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

(An autonomous Institution under Department of School Education & Literacy, Ministry of Education, Government of India)

ए-24-25, इंस्टीट्यूशल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश

A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA-201309, Uttar Pradesh

**शिक्षार्थी सहायता केंद्र टॉल फ्री नं.:/Learner Support Centre Toll Free No.:**
1800 180 9393, **ई-मेल/E-mail:** LSC@NIOS.AC.IN


---

**''विश्व में सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली''**

**"The Largest Open Schooling System in the World"**

# अध्यक्ष का संदेश
# Chairman's Message



**प्रिय शिक्षार्थी,**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम (ओबीई कार्यक्रम) का चयन करने पर मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूँ। अब आप एनआईओएस परिवार के एक गौरवान्वित एवं विशेष सदस्य हैं, इस कार्यक्रम में आपका हार्दिक स्ब्वागत है।

वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रणाली में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। आज शिक्षण प्रक्रिया शिक्षक-केंद्रित होने के स्थान पर शिक्षार्थी-केंद्रित हो गई है। शिक्षार्थी अब अपने विषयों के चयन तथा अधिगम प्रबंधन की अधिकतर जिम्मेदारी स्वयं ले रहे हैं।

6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के अनेक शिक्षार्थी साथ ही किशोर एवं वयस्क शिक्षार्थी अध्ययन की पारंपरिक कक्षा-पद्धति से अलग विकल्प चुन रहे हैं। कुछ शिक्षार्थियों को लचीली शिक्षा प्रणाली की की आवश्यकता होती है तो कुछ खेल या संगीत जैसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान देना चाहते हैं तथा कुछ शिक्षार्थी उच्च शैक्षिक उपलब्धियों के लक्ष्य के साथ अध्ययन करना चाहते हैं। ऐसे शिक्षार्थियों के लिए मुक्त एवं दूरस्थ अधिगम (ओडीएल) एक प्रभावी विकल्प है। यह पद्धति शिक्षार्थी को मुद्रित एवं डिजिटल स्व-अध्ययन सामग्रियों के माध्यम से अपनी सुविधा के अनुसार, अपने समय और स्थान पर अध्ययन करने का अवसर प्रदान करती है। यह प्रणाली दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए भी उपयोगी है, क्योंकि इसमें व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप अधिगम एवं मूल्यांकन की लचीली सुविधा प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) भारत में विद्यालयी शिक्षा के दो राष्ट्रीय बोर्डों में से एक है। यह विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालय है, जो मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक अध्ययन सामग्रियों के माध्यम से विविध पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। एनआईओएस को शिक्षार्थियों का पंजीकरण करने, परीक्षाओं का आयोजन करने तथा पूर्व-स्नातक स्तर तक प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। इसके पाठ्यक्रमों का स्तर अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य शिक्षा बोर्डों के समकक्ष है तथा एनआईओएस के शिक्षार्थी उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक संस्थानों में सफलतापूर्वक प्रवेश प्राप्त करते हैं। यह संस्थान प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञों के सहयोग से अपना पाठ्यक्रम एवं अध्ययन सामग्री स्वयं तैयार करता है।

**Dear Learner,**

I congratulate you on choosing the **OBE Programme of NIOS**. You are now a proud and privileged member of the NIOS community, and I warmly welcome you.

Education around the world is changing rapidly. Today, learning is more **learner-centred** rather than teacher-centred. Learners now take greater responsibility for choosing their subjects and managing their own learning.

Many learners between the ages of 6 and 14, as well as adolescents and adults, choose to study outside the traditional classroom. Some want flexibility, some want to focus on sports or music, and others want to take on greater academic challenges. For such learners, **Open and Distance Learning (ODL)** is an effective option. It allows learning at one's own pace and place, mainly through self-learning materials in print and digital formats. ODL is also especially helpful for learners with disabilities, as it offers flexibility in learning and assessment based on individual needs.

The **National Institute of Open Schooling (NIOS)** is one of the two National Boards for School Education in India. It is the largest open school in the world, offering a wide range of courses supported by printed and electronic materials. NIOS is authorized to enroll learners, conduct examinations, and issue certificates up to the pre-degree level. Its courses are equivalent in standard to those of other national and state boards, and NIOS learners successfully join higher education and professional institutions. NIOS develops its own curriculum and learning materials with the support of experts from reputed institutions.


इसके अधिगम मानक औपचारिक विद्यालयी शिक्षा के समान ही हैं। वस्तुत: मुक्त एवं दूरस्थ अधिगम के शिक्षार्थियों को अधिक आत्म-अनुशासन एवं प्रेरणा की आवश्यकता होती है, क्योंकि वे स्व-अध्ययन सामग्री एवं रिकॉर्ड किए गए व्याख्यानों के माध्यम से स्वयं अध्ययन करते हैं। मुक्त विद्यालयी शिक्षा का चयन कर आपने एक उत्तरदायित्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण निर्णय लिया है, जिसकी मैं सराहना करता हूँ।

एनआईओएस द्वारा मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया अब पूर्णत: ऑनलाइन कर दी गई है। अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट (www.nios.ac.in) अथवा विद्यार्थी पोर्टल (sdmis.nios.ac.in) के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि प्रक्रिया शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाए। शुल्क संबंधी विस्तृत विवरण विवरणिका के अध्याय-2 में उल्लेखित है।

मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रत्यायित एजेंसियां (Accredited Agencies – AAs) जैसे विद्यालय, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), ट्रस्ट एवं सोसायटी के माध्यम से किया जाता है। ये एजेंसियां शिक्षार्थियों को अधिगम सहयोग एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान करती हैं। संबंधित एजेंसियां, एनआईओएस पाठ्यक्रम के आधार पर एनआईओएस, एनसीईआरटी अथवा राज्य शिक्षा बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों का उपयोग कर सकती हैं। अध्ययन सामग्री एवं व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) संबंधी जानकारी हेतु अपने आवंटित अध्ययन केंद्र से संपर्क करें। इन सत्रों में सहभागिता से आपको विषय विशेषज्ञों से संवाद करने एवं अपनी शंकाओं के समाधान का अवसर प्राप्त होगा।

यदि आपके अध्ययन केंद्र से समयोचित सूचना प्राप्त न हो, तो कृपया संबंधित केंद्र से सीधे संपर्क करें अथवा उनसे मिलें। प्रत्येक चरण की जानकारी आपको एसएमएस के माध्यम से भी प्रेषित की जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आप टोल-फ्री नंबर 1800-180-9393 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा lsc@nios.ac.in पर ई-मेल प्रेषित कर सकते हैं। आप cp@nios.ac.in पर मुझे भी लिख सकते हैं।

एक बार पुन:, एनआईओएस परिवार में आपका हार्दिक स्वागत है।



**प्रो. अखिलेश मिश्र**
अध्यक्ष

The learning standards are the same as in formal schooling. In fact, ODL learners need more self-discipline and motivation, as they study independently using self-learning materials and recorded lectures. By choosing this path, you have taken on a challenging responsibility, and I sincerely appreciate your commitment.

NIOS has now moved to **100% online admissions** for the OBE Programme through its website (www.nios.ac.in) or the Student Portal of NIOS (sdmis.nios.ac.in). Please note that processing fees must be paid online only. Details of the admission process are explained in Chapter 2 of the prospectus.

The OBE Programme is implemented with the help of **Accredited Agencies (AAs)** such as schools, NGOs, trusts, and societies. These agencies provide learning support and counselling. They may use NIOS materials, NCERT or State Board textbooks, based on the NIOS curriculum. Please contact your allotted Study Centre for details about learning materials and counselling sessions (PCP). Attending these sessions will help you to interact with tutors and clarify your doubts.

If you do not receive information from your Study Centre, please contact or visit them directly. You will also receive SMS alerts at each stage. For assistance, you may contact us at **1800-180-9393** or email **lsc@nios.ac.in.** You may also write to me at **cp@nios.ac.in.**

Once again, welcome to the NIOS family.



**Prof. Akhilesh Mishra**
Chairman

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
## शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (एलएससी)

एनआईओएस का मानना है और वह आशा करता है कि शिक्षार्थियों को पढ़ाई के दौरान कोई समस्या न आए और उनकी कोई शिकायत न हो। फिर भी, एनआईओएस ने ई-मेल, अंत: क्रियात्मक स्वर-अनुबोधन प्रणाली (आईवीआरएस) और टोल फ्री नं. द्वारा शिक्षार्थी संबंधी विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए शिक्षार्थी सहायता केन्द्र की स्थापना की है। एनआईओएस के शिक्षार्थी सहायता सेवाओं (एलएससी) की संरचना की चित्रात्मक प्रस्तुति नीचे दी गई है :-

**1800 180 9393 डॉयल करें**

**स्वागत संदेश**

हिंदी के लिए 1 दबाएँ | अंग्रेजी के लिए 2 दबाएँ

| प्रवेश के लिए 1 दबाएँ | परीक्षा के लिए 2 दबाएँ | परीक्षा परिणाम के लिए 3 दबाएँ | शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए 4 दबाएँ | व्यावसायिक के लिए 5 दबाएँ | जीवन कौशल के लिए 6 दबाएँ | प्रत्यायन के लिए 7 दबाएँ | एलएससी कार्यकारी अधिकारी से बात करने के लिए 9 दबाएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **यदि आपने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया तो दबाएँ :**<br>1. प्रवेश की तिथि के लिए<br>2. प्रवेश शुल्क के लिए<br>3. प्रवेश योग्यताओं के लिए<br>4. विषय चुनाव के लिए<br>**यदि आप पंजीकृत हैं तो दबाएँ :**<br>1. प्रवेश की स्थिति जानने के लिए<br>2. पहचान पत्र और पाठ्यक्रम सामग्री भेजने के लिए<br>3. टीएमए के लिए<br>4. क्रेडिट स्थानांतरण और पुन: प्रवेश के लिए<br>5. विषय और अतिरिक्त विषय में परिवर्तन, किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए | **दबाएँ :**<br>1. परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए<br>2. परीक्षा की तिथियों के लिए<br>3. परीक्षा केन्द्रों के लिए<br>4. परीक्षा केन्द्रों में परिवर्तन के लिए<br>5. जब चाहो तब परीक्षा से संबंधित किसी भी संशोधन के लिए | **दबाएँ :**<br>1. माध्यमिक परीक्षा के परिणाम के लिए<br>2. उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के परिणाम के लिए<br>3. जब चाहो तब परीक्षा के लिए<br>4. अंकों की पुन: जाँच के लिए<br>5. अंकों के लिए<br>6. अंक सूची/माईग्रेशन अथवा अस्थायी प्रमाणपत्र के लिए<br>7. दस्तावेज़ों की दूसरी प्रतियों के लिए | **दबाएँ :**<br>1. एनआईओएस द्वारा चलाए जा रहे शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए<br>2. एनआईओएस के प्रमाणपत्र की समकक्षता के लिए<br>3. पढ़ाई के माध्यम के लिए<br>4. नमूना प्रश्न पत्र, पाठ्यक्रम और पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र के लिए<br>5. विषयों के चयन के लिए<br>6. व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) के लिए | **दबाएँ :**<br>1. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और उनके शुल्क के लिए<br>2. प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं (एवीआई) के लिए<br>3. अध्ययन सामग्री के लिए<br>4. परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए<br>5. जीवन समृद्धि पाठ्यक्रमों के लिए | **दबाएँ :**<br>1. शरीर संरचना की जानकारी के लिए<br>2. नशे से मुक्ति के लिए<br>3. संबंध के लिए<br>4. यौन रोगों के लिए | **दबाएँ :**<br>1. प्रोसेसिंग शुल्क के लिए<br>2. आवश्यक दस्तावेज़ों के लिए<br>3. प्रत्यायन की प्रक्रिया के लिए<br>4. प्रत्यायन के लिए आवेदन की स्थिति के लिए | |

पिछले मेन्यू में वापस जाने के लिए * दबाएँ | अधिकारी से बात करने के लिए 9 दबाएँ

# National Institute of Open Schooling (NIOS)

## Learner Support Centre (LSC)

NIOS believes and hopes that learners do not face any problem and do not have any grievance while taking admission and during their studies. In this context, NIOS has established the Learner Support Centre (LSC) to redress learners related various issues through email, Interactive Voice Response System (IVRS) and Toll Free No. A diagrammatic presentation of the framework of the Learner Support Services (LSC) of NIOS is given below.

**Dial 1800 180 9393**

**Welcome Message**

**Press – 1 for Hindi** | **Press – 2 for English**

| Press 1 For Admission | Press 2 For Examination | Press 3 For Result | Press 4 For Academic Courses | Press 5 For Vocational Courses | Press 6 For Life Skill | Press 7 For Accreditation | Press 9 To speak to LSC Executive |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **If you have not yet registered, Press for:**<br>1. Date of admission<br>2. Admission Fees<br>3. Entry requirements<br>4. Subject selection<br>**If you have registered, Press for:**<br>1. Admission status<br>2. Despatch of Course Material<br>3. Tutor Marked Assignments (TMAs)<br>4. Transfer of Credit (TOC) and Re-admission<br>5. Change of subject, additional subject and for any type of correction | **Press for:**<br>1. Payment of Examination fee<br>2. Date Sheet<br>3. Examination Centres<br>4. Change of Examination Centre<br>5. Requirements about examination; On Demand Examination; subject; and any type of correction | **Press for:**<br>1. Secondary Exam. Result<br>2. Senior Secondary Exam. Result<br>3. On-Demand Examination Result<br>4. Re-checking of Marks<br>5. Marks<br>6. Mark Sheet/Migration or Provisional Certificate<br>7. Duplicate documents | **Press for:**<br>1. Academic Courses offered by NIOS<br>2. Equivalency of NIOS Certificate<br>3. Medium of instruction<br>4. Sample Question Papers, Syllabus and previous year's Q.P.<br>5. Choice of subjects<br>6. Personal Contact Programme (PCP) | **Press for:**<br>1. Vocational Courses and fee charged<br>2. Accredited Vocational Institutes (AVIs)<br>3. Study Material<br>4. Examination and Evaluation process<br>5. Life Enrichment Courses | **Press for:**<br>1. Body Information<br>2. Substance Abuse<br>3. Relationship<br>4. Sexual Diseases | **Press for:**<br>1 Processing fee<br>2 Documents required<br>3 Process of accreditation<br>4 Status of Application for Accreditation | |

**Press * To go back to previous menu** | **Press 9 To speak to LSC executive**

# ओबीई कार्यक्रम के शिक्षार्थियों द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
# FAQs for OBE Programme Learner

## 1. ओबीई कार्यक्रम- सामान्य जानकारी

**प्रश्न 1. ओबीई कार्यक्रम क्या है?**

**उत्तर** मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम एक समकक्षता कार्यक्रम है, जो तीन स्तरों पर अर्थात् स्तर क (कक्षा 3 के समकक्ष), स्तर ख (कक्षा 5 के समकक्ष) और स्तर ग (कक्षा 8 के समकक्ष) प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करता है । यह मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओबीई) के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान कर रहा है।

**प्रश्न 2. मैं ओबीई कार्यक्रम की विवरणिका कहां से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ**

**उत्तर** विवरणिका एनआईओएस पोर्टल **https://www.nios.ac.in/student-information-section/prospectus.aspx** पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

**प्रश्न 3. क्या ओबीई कार्यक्रम औपचारिक स्कूली शिक्षा के समकक्ष है?**

**उत्तर** जी हाँ। (पृष्ठ 2 का पैरा 1.3 देखें)

**प्रश्न 4. क्या ओबीई कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है?**

**उत्तर** जी हाँ। (पृष्ठ 2 का पैरा 1.3 देखें)

**प्रश्न 5. ओबीई कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए कौन पात्र है?**

**उत्तर** योग्यता मानदण्ड के लिए कृपया पृष्ठ 3 का पैरा 1.6 देखें।

**प्रश्न 6. ओबीई कार्यक्रम कितने स्तरों पर कराए जाते हैं?**

**उत्तर** एनआईओएस ओबीई कार्यक्रम तीन स्तरों पर अर्थात् स्तर क (कक्षा 3 के समकक्ष), स्तर ख (कक्षा 5 के समकक्ष) और स्तर ग (कक्षा 8 के समकक्ष) पर कराता है।

**प्रश्न 7. क्या एनआईओएस का प्रमाणपत्र उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरियों के लिए मान्यता प्राप्त है?**

**उत्तर** जी हाँ, एनआईओएस का प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरियों तथा अन्य सभी उद्देश्यों के लिए वैध है।

## 1. OBE programme - General Information

**Q1. What is the OBE programme?**

**A.** Open Basis Education programme is an equivalency programme, offering elementary education at three levels i.e. Level A (equivalent to class 3), Level B (equivalent to class 5) and Level C (equivalent to class 8). It is offering elementary education through open and distance learning (ODL).

**Q2 . Where can I get prospectus of the OBE programme?**

**A.** The prospectus is available online at NIOS portal, at **https://www.nios.ac.in/student-information-section/prospectus.aspx**

**Q3. Is the OBE programme equivalent to formal schooling?**

**A.** Yes. (Refer to page 2, para 1.3)

**Q4. Is the OBE programme recognized by the Govt. of India?**

**A.** Yes. ( Refer to page 2, para 1.3)

**Q5. Who is eligible to take admission in the OBE programme?**

**A.** Please see eligibility criteria at page 3, para 1.6.

**Q6. How many levels are offered in the OBE programme?**

A. NIOS offers OBE programme at three levels i.e. Level A (equivalent to class 3), Level B (equivalent to class 5) and Level C (equivalent to class 8).

**Q7. Is NIOS certificate valid for higher education and government jobs?**

**A.** Yes, NIOS certificate is valid for higher education, government jobs and for all other purposes.

**प्रश्न 8. क्या शिक्षार्थी ओबीई कार्यक्रम के किसी भी स्तर को पूरा करने के बाद औपचारिक स्कूल में प्रवेश लेने का/की पात्र है?**

उत्तर जी हाँ, ओबीई कार्यक्रम के किसी भी स्तर को पूरा करने के बाद एक शिक्षार्थी औपचारिक स्कूल में प्रवेश ले सकता/सकती है।

**प्रश्न 9. क्या सीडब्ल्यूएसएन (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों) के लिए कोई प्रावधान है?**

उत्तर जी हाँ, सीडब्ल्यूएसएन शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने लिए एनआईओएस में विशेष प्रावधान हैं। (पृष्ठ 20 देखें)

**प्रश्न 10. एक प्रत्यायित एजेंसी और अध्ययन केंद्र के बीच क्या अंतर है?**

उत्तर दोनों एक ही हैं।

## 2. प्रवेश प्रक्रिया

**प्रश्न 1. ओबीई कार्यक्रम में प्रवेश के लिए समय सूची क्या है?**

उत्तर प्रवेश प्रति वर्ष 01 अप्रैल से 15 सितंबर तक होते हैं।

**प्रश्न 2. प्रवेश/पंजीकरण कितने वर्षों के लिए वैध है?**

उत्तर प्रवेश/पंजीकरण प्रत्येक स्तर पर पांच वर्ष के लिए वैध है।

**प्रश्न 3. क्या कोई शिक्षार्थी एनआईओएस में किसी भी स्तर पर सीधे प्रवेश ले सकता/सकती है?**

उत्तर जी हां, शिक्षार्थी एनआईओएस के ऑनलाइन पोर्टल https://sdmis.nios.ac.in पर सीधे पंजीकृत कर सकता/सकती है।

**प्रश्न 4. कोई शिक्षार्थी ओबीई कार्यक्रम में कैसे अपना पंजीकरण कर सकता/सकती है?**

उत्तर शिक्षार्थी सीधे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकता/सकती है अथवा यदि आवश्यक हो, तो वह निकटतम क्षेत्रीय केंद्र, प्रत्यायित एजेंसी से भी मदद/सहायता ले सकता/सकती है।

## 3. आयु मानदंड

**प्रश्न 1. ओबीई (बच्चे) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम तथा अधिकतम आयु क्या है?**

उत्तर ओबीई कार्यक्रम (बच्चे) में प्रवेश के लिए उस वर्ष 31 मार्च तक न्यूनतम आयु 7 वर्ष और अधिकतम आयु 14 वर्ष है।

**प्रश्न 2. ओबीई (प्रौढ़) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम तथा अधिकतम आयु क्या है?**

उत्तर ओबीई (प्रौढ़) कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष है और अधिकतम आयु सीमा के लिए कोई बाध्यता नहीं है। (विस्तृत जानकारी के लिए पृष्ठ 3 देखें।)

**Q8. Is a learner eligible to take admission in formal school after completion of any level of OBE program?**

A. Yes, a learner can take admission in formal school after completion of any level of OBE programme.

**Q9. Is there any provision for CWSN (Children with special needs)?**

A. Yes, NIOS has specific provisions for CWSN students to cater their needs. (Refer to page 20)

**Q10. Is there any difference between an accredited agency and study center?**

A. Both are the same.

## 2. Admission Process

**Q1. What is the admission time frame for the OBE programme?**

A. The admission starts from 1st April till 15th September every year.

**Q2. For how many years is an admission/ registration valid?**

A. Admission/ registration is valid for five years at each level.

**Q3. Can a student/learner take admission in NIOS directly at any level?**

A. Yes, a learner can be directly registered through the online portal of NIOS at **https://sdmis.nios.ac.in**

**Q4. How can a learner register himself/herself in the OBE programme?**

A. A learner can register for an OBE programme through an online portal or seek help /assistance from the nearest centre / Accredited agency, if required.

## 3. Age criteria

**Q1. What is the minimum and maximum age for admission in OBE (children) programme?**

A: Minimum age for admission is 7 years and maximum age 14 years as on 31st March of the year of admission.

**Q2. What is the minimum and maximum age for admission in OBE (adult) programme?**

A. Minimum age for admission is 14 years and no maximum age bar for taking admission in OBE (adult) programme. (For details Refer to page 3)

## 4. शैक्षिक योग्यता एवं प्रक्रिया शुल्क

**प्रश्न 1. ओबीई कार्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता क्या है?**

**उत्तर** किसी भी स्तर पर न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है।

**प्रश्न 2. शिक्षार्थी किसी भी स्तर पर प्रक्रिया शुल्क कैसे जमा कर सकता/सकती है?**

**उत्तर** शिक्षार्थी प्रोसेसिंग शुल्क एनआईओएस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकता/सकती है।

**प्रश्न 3. स्तर क, ख और ग का प्रक्रिया शुल्क क्या है?**

**उत्तर** शिक्षार्थी के लिए स्तर 'क' पर प्रक्रिया शुल्क 300/- रुपये, स्तर 'ख' पर 500/- रुपये और स्तर 'ग' पर 800/- रुपये है।

## 5. प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज़

**प्रश्न 1. ओबीई कार्यक्रम में प्रवेश के लिए कौन से दस्तावेज़ आवश्यक हैं?**

**उत्तर** कृपया पृष्ठ 7 की तालिका 4 देखें।

## 6. पाठ्यचर्या और स्व अध्ययन

**प्रश्न 1. एक प्रत्यायित एजेंसी में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की समयावधि क्या है?**

**उत्तर** प्रति वर्ष जुलाई से जनवरी तक।

**प्रश्न 2. क्या किसी प्रत्यायित एजेंसी/अध्ययन केंद्र में नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होना आवश्यक है?**

**उत्तर** जी नहीं, प्रत्यायित एजेंसी में प्रति भाषा और शैक्षिक विषय के लिए न्यूनतम 50 घंटे और व्यावसायिक के लिए 80 घंटे (सिद्धांत के लिए 30 घंटे + प्रयोग के लिए 50 घंटे) उपस्थित होना आवश्यक है।

**प्रश्न 3. स्तर क और स्तर ख उत्तीर्ण करने के लिए कितने विषय आवश्यक होंगे?**

**उत्तर** स्तर क और स्तर ख पर शिक्षार्थी को कम से कम 4 विषय (एक भाषा + दो शैक्षिक विषय + एक पूर्व-व्यावसायिक विषय) उत्तीर्ण करने होंगे। (पृष्ठ-4 देखें)

**प्रश्न 4. ओबीई कार्यक्रम के स्तर 'ग' को उत्तीर्ण करने के लिए कितने विषय आवश्यक होंगे?**

**उत्तर** स्तर 'ग' पर शिक्षार्थी को कम से कम 5 विषय (1 भाषा + 3 शैक्षिक विषय + 1 पूर्व-व्यावसायिक) उत्तीर्ण करने होंगे। (पृष्ठ-4 देखें)

## 4. Education Qualification & Processing Charges

**Q1. What is the minimum educational qualification for admission in OBE programme?**

**A.** No minimum educational qualification is required at any level.

**Q2. How can a learner submit the processing charges at any level?**

**A.** A learner can submit processing charges online through NIOS website.

**Q3. What is the processing charge for admission at level A, B and C?**

**A.** The processing charge at level A is Rs 300, Level B is Rs 500 and level C is Rs 800.

## 5. Document Required for Admission

**Q1. What documents required for admission into the OBE programme?**

**A.** Please refer to Table 4, Page 7.

## 6. Curriculum and Self Learning Material

**Q1. What is the time period for conducting Personal Contact Programme in an accredited agency?**

**A.** From July to January every year.

**Q2. Is it necessary to attend regular class in an accredited agency/ study center?**

**A.** No, Minimum 50 hours per language and academic subject and for vocational 80 hrs (30 hrs for theory + 50 hrs for practical) are required to be attended at accredited agency.

**Q3. How many subjects will be required to qualify level A and level B?**

**A.** A learner will be required a minimum 4 subjects (1 language + 2 academic + 1 prevocational to qualify Level A and B. (Refer to Page 4)

**Q4. How many subjects will be required to qualify level C of OBE programme?**

**A.** A learner will be required a minimum 5 subjects (1 language + 3 academic + 1 prevocational to qualify Level C. (Refer to Page 4)

**प्रश्न 5. प्रति विषय कितने घंटे अध्ययन की आवश्यकता है?**

**उत्तर** ओबीई कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के लिए प्रति विषय न्यूनतम 100 घंटे का अध्ययन आवश्यक है। पूर्व-व्यावसायिक विषयों के मामले में 150 घंटे (50 घंटे सिद्धांत + 100 घंटे व्यावहारिक) आवश्यक हैं।

**प्रश्न 6. शिक्षार्थी कहाँ स्व-अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकता है?**

**उत्तर** कृपया पृष्ठ संख्या 21, पैरा 3.1 देखें।

## 7. मूल्यांकन प्रणाली

**प्रश्न 1. प्रत्येक विषय में न्यूनतम उत्तीर्ण ग्रेड क्या हैं?**

**उत्तर** एक विषय में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम ग्रेड 'डी' आवश्यक है।

**प्रश्न 2. शिक्षार्थी को प्रमाणपत्र कब प्राप्त हो सकता है?**

**उत्तर** शिक्षार्थी संबंधित स्तर के न्यूनतम उत्तीर्ण मानदण्ड को उत्तीर्ण करने के पश्चात् प्रमाणपत्र प्राप्त करने का पात्र होगा/होगी। (पृष्ठ-15 देखें)

**प्रश्न 3. प्रवेश/पंजीकरण के बाद शिक्षार्थी परीक्षाओं में कब बैठ सकता/सकती है?**

**उत्तर** शिक्षार्थी विशिष्ट स्तर पर न्यूनतम एक वर्ष के अध्ययन के पश्चात् किसी भी स्तर की प्रथम परीक्षा में बैठ सकता/सकती है।

**प्रश्न 4. ओबीई कार्यक्रम में प्रत्येक स्तर (क, ख और ग) के लिए अध्ययन की न्यूनतम अवधि क्या है?**

**उत्तर** प्रत्येक स्तर (क, ख और ग) के लिए अध्ययन की न्यूनतम अवधि एक शैक्षिक वर्ष है।

**प्रश्न 5. ओबीई कार्यक्रम की परीक्षा का मूल्यांकन कौन करेगा?**

**उत्तर** एनआईओएस द्वारा प्रदान किए गए दिशा निर्देशानुसार परीक्षा का मूल्यांकन प्रत्यायित एजेंसी/अध्ययन केंद्र द्वारा किया जाएगा।

**प्रश्न 6. शिक्षार्थी को प्रमाणपत्र कौन जारी करेगा?**

**उत्तर** संबंधित स्तर को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद शिक्षार्थियों को एनआईओएस और प्रत्यायित एजेंसी/अध्ययन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

**Q5. How many study hours per subject is required?**

**A.** The curriculum of OBE programme requires minimum 100 hours of study time per subject. In case of pre-vocational subjects 150 hours (50 hrs theory + 100 hrs practical) are required.

**Q6. Where can the learner find the Self Learning Material?**

**A.** Please refer to page no. 21 para 3.1.

## 7. Evaluation System

**Q1. What is the minimum passing grade in each subject?**

**A.** To pass a subject minimum grade 'D' is required.

**Q2. When can a learner get a certificate?**

**A.** A learner would be eligible for a certificate after qualifying the minimum passing criteria of the concerned level. (Refer page 15)

**Q3. When can learners appear in examinations after admission/registration?**

**A.** A learner can appear in first examination at any level after at least one year of study in the specific level.

**Q4. What is the minimum duration of study for each level (A, B and C) in the OBE programme?**

**A.** The minimum duration of study for each level (A, B and C) is an academic year.

**Q5. Who will evaluate the examination of the OBE program?**

**A.** Accredited agency/study center will evaluate the examination as per the guidelines provided by NIOS.

**Q6. Who will issue the certificate to the learner?**

**A.** A joint certificate would be issued to the eligible candidates jointly signed by NIOS and accredited agency.

# विषय सूची


1. **एनआईओएस: सीमाओं से परे सीखना** 1-7
   1.1 एनआईओएस: एक परिचय
   1.2 ओबीई कार्यक्रम: एक परिचय
   1.3 शिक्षा और मान्यता का मानक
   1.4 ओबीई कार्यक्रम के स्तर
   1.5 ओबीई कार्यक्रम के लिए बहु प्रवेश प्रणाली
   1.6 लक्ष्य समूह
   1.7 सुविधाएँ और लचीलापन
   1.8 अध्ययन की योजना

2. **प्रवेश** 8-20
   2.1 ऑनलाइन प्रवेश
   2.2 प्रवेश की अवधि
   2.3 ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया
   2.4 क्षेत्रीय केंद्रों/ प्रत्यायित एजेंसियों (अध्ययन केंद्र) के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया
   2.5 प्रवेश के लिए प्रोसेसिंग शुल्क संरचना
   2.6 प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान कैसे करें
   2.7 प्रवेश रद्द करना
   2.8 प्रवेश की पुष्टि
   2.9 प्रवेश के बाद ई-सेवा के माध्यम से अन्य सुविधाएं
   2.10 केवल ई-सेवाओं के माध्यम से प्रवेश रिकॉर्डों में संशोधन की प्रक्रिया

3. **अध्ययन प्रक्रिया** 21-23
   3.1 पाठ्यक्रम और स्व-अध्ययन सामग्री
   3.2 ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन के घंटे
   3.3 शिक्षार्थी की प्रत्यायित एजेंसी/अध्ययन केंद्र के बारे में

4. **मूल्यांकन प्रक्रिया** 24-26
   4.1 परिणाम सह-स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करना
   4.2 प्रमाणन प्राप्त करने के लिए मानदण्ड
   4.3 क्रेडिट संचयन
   4.4 मूल्यांकन नियम (ग्रेडिंग का स्वरूप)
   4.5 दस्तावेज़ों की दूसरी प्रति जारी करना
   4.6 अनुचित साधन (यूएफएम)

5. **एनआईओएस परीक्षाओं के संदर्भ में सामान्य तथा विशेष प्रावधान (अक्षमतानुसार)** 27-34
   5.1 प्रक्रिया संबंधी आवश्यकताएँ
   5.2 सामान्य प्रावधान
   5.3 विशेष प्रावधान

**परिशिष्ट-क** 35-40
**परिशिष्ट-ख** 41-42
**परिशिष्ट-ग** 43-44

# Contents


**1. NIOS: Learning Beyond Boundaries** **1-7**

1.1 NIOS: An Introduction
1.2 OBE Programme: An Introduction
1.3 Standard of Education and Recognition
1.4 Levels of OBE Programme
1.5 Multiple Entry System for OBE Programme
1.6 Target Group
1.7 Features and Flexibilities
1.8 Scheme of Studies

**2. Admission** **8-20**

2.1 Online Admission
2.2 Admission Period
2.3 Procedure for Online Admission
2.4 Procedure for Online Admission through Regional Centres/AA (Study Centre)
2.5 Processing Charge Structure for Admission
2.6 How to Pay the Processing Charges
2.7 Cancellation of Admission
2.8 Confirmation of Admission
2.9 Other Facilities after admission through E-service
2.10 Procedure for correction in admission records through E-service only

**3. Instructional Process** **21-23**

3.1 Curriculum and Self Learning Material
3.2 Study hours under OBE Programme
3.3 About AA/Study Centre of the Learner

**4. Evaluation System** **24-26**

4.1 Issue of Achievement cum Transfer Certificate
4.2 Certification Criteria
4.3 Credit Accumulation
4.4 Evaluation Norms (Grading Pattern)
4.5 Issue of Duplicate Documents
4.6 Unfair Means (UFM)

**5. General and Specific Provisions (Disability wise) in the context of NIOS examination** **27-34**

5.1 Procedural Requirements
5.2 General Provisions
5.3 Specific Provisions

***Appendix –A*** **35-40**
***Appendix –B*** **41-42**
***Appendix –C*** **43-44**

# 1 एनआईओएसः सीमाओं से परे सीखना
# NIOS: Learning Beyond Boundaries

## 1.1 एनआईओएस : एक परिचय

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की स्थापना 1989 में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक स्वायत्त संस्था के रूप में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के रूप में की गई थी। यह ऐसे व्यक्तियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करता है जो एक बेहतर भविष्य के लिए आगे पढ़ना चाहते हैं। एनआईओएस का मिशन सबको शिक्षा प्रदान करना है तथा ऐसी बालिकाओं और महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, कामकाजी पुरुषों तथा महिलाओं, अनु.जा. और अनु.जन.जा., अक्षम व्यक्तियों और अन्य सुविधा वंचित व्यक्तियों को शिक्षित करना इसकी विशेष प्राथमिकता है, जो किसी न किसी कारण से औपचारिक शिक्षा प्रणाली द्वारा पढ़ नहीं पाए हैं। एनआईओएस का उद्देश्य शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुंचाना है। एनआईओएस ने भारत भर के कारागारों में अध्ययन केंद्र स्थापित करके और शुल्क में पूर्ण छूट देकर कारागारों के कारावासियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष पहल की है। एनआईओएस बीस क्षेत्रीय केंद्रों, तीन एनआईओएस प्रकोष्ठों तथा अध्ययन केंद्र कहे जाने वाले दस हजार से अधिक प्रत्यायित संस्थाओं (एआई), प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं (एवीआई) और प्रत्यायित एजेंसियों (एए) के नेटवर्क के माध्यम से कार्य करता है। इसके केंद्र भारत, नेपाल और मध्य पूर्व के देशों में स्थित हैं। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है।

## 1.1 NIOS: An Introduction

The National Institute of Open Schooling (NIOS) was set up as the National Open School in 1989 by the Ministry of Education, Government of India, as an autonomous organisation. It provides educational opportunities to persons who wish to study further and qualify for a better tomorrow. The Mission of NIOS is to provide education to all with special concern for girls and women, rural youth, working men and women, SCs and STs, differently abled persons and other disadvantaged persons who because of one or other reason could not continue their education in the formal system of education. The aim of NIOS is to reach the unreached. The NIOS has taken special initiatives for imparting education to Jail Inmates by setting up Study Centres in Jails across the country and granting full fee exemption. The NIOS operates through a network of Twenty Regional Centres, Three NIOS Cell and more than Ten thousand Accredited Institutions (AIs), Accredited Vocational Institutions (AVIs) and Accredited Agencies (AAs) popularly known as Study Centres. These Centres are located in India, Nepal and Middle East Countries. For academic courses, admission is through Online only.

## 1.2 ओबीई कार्यक्रम : एक परिचय

मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम जून 1994 में आरंभ किया गया, जिसका उद्देश्य ऐसे प्रौढ़ नव साक्षरों को मुक्त विद्यालयी शिक्षा के वैकल्पिक माध्यमों द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है जो औपचारिक स्कूली शिक्षा का लाभ नहीं उठा पाए हैं। यह एक समकक्षता कार्यक्रम है जो ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत तीन स्तरीय शिक्षा

## 1.2 OBE Programme: An Introduction

The Open Basic Education (OBE) programme was initiated in June 1994 with the aim of providing primary and upper primary education through alternative means of open schooling to adult neo-literates who are not able to take advantage of the formal system of schooling. It is an equivalency programme and provides three tier education

प्रदान करता है यथा स्तर – 'क' (तीसरी कक्षा के समकक्ष), स्तर – 'ख' (पांचवीं कक्षा के समकक्ष) और स्तर – 'ग' (आठवीं कक्षा के समकक्ष) है। वर्ष 2000 में प्रत्यायित एजेंसियों (एए) की सहायता से 6-14 वर्ष के आयु समूह के बच्चों को शामिल करने के लिए कार्यक्रम का प्रसार किया गया।

एनआईओएस हाशिए के ऐसे समूहों तक पहुँचता है जो भौतिक अथवा सामाजिक रुकावटों के कारण पहले स्कूल नहीं जा सके और प्राथमिक विद्यालयी शिक्षा के लिए शिक्षा के मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई का एक विकल्प प्रदान करता है। मुक्त शिक्षा प्रणाली के लचीले प्रावधानों से सुनिश्चित इस कार्यक्रम को पूरा करने वाले शिक्षार्थियों की संख्या काफी अधिक बनी रहती है, साथ ही शिक्षार्थियों के उपलब्धि स्तर में भी वृद्धि होगी क्योंकि शिक्षार्थी अब अपनी गति से पढ़ाई करने में सक्षम होंगे। इस प्रयास से प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के उद्देश्य से बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा प्रदान की जाएगी।

मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा आगे की शिक्षा और रोजगार के उद्देश्यों के लिए औपचारिक विद्यालय की शिक्षा के समकक्ष शिक्षा के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। विभिन्न राज्यों ने अपने स्कूल न जाने वाले बच्चों के साथ-साथ किशोरों और नवसाक्षर प्रौढ़ों के लिए इस कार्यक्रम में रुचि दर्शायी है। कुछ राज्यों में ओबीई राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम) के सतत शिक्षा योजना के अंतर्गत एक समकक्षता कार्यक्रम के रूप में चलाया जा रहा है।

## 1.3 शिक्षा और मान्यता का मानक

स्कूल शिक्षा के तीन राष्ट्रीय बोर्ड हैं जैसे एनआईओएस, सीबीएसई और सीआईएससीई। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। इसे पूर्व स्नातक स्तर तक स्कूली शिक्षा प्रदान करने, परीक्षाएं आयोजित करने और प्रमाण पत्र देने का अधिकार दिया गया है। एनआईओएस द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रमाणपत्र उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरियों और अन्य सभी प्रयोजनों के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

under OBE programme i.e. Level A (equivalent to class 3), Level B (equivalent to class 5) and Level C (equivalent to class 8). In the year 2000 the programme was extended to cover children between 6 to 14 years age group also with the help of Accredited Agencies (AAs).

NIOS reaches out to marginalized groups who may have been unable to attend school earlier, due to physical or social inaccessibility, by offering them an alternative channel through open and distance learning (ODL) mode of education for primary schooling. The flexibility of the open learning system will further ensure a higher retention rate as well as an increase in the learning achievement as learners would now be able to pace their learning. This exercise would provide high quality schooling to children with an aim to achieve universalisation of elementary education.


The Open Basic Education programme has been recognised by the Government of India as equivalent education to that of the formal school, for purposes of further education and employment. Different States have indicated their interest in the programme for their out of school children as well as for adolescent and adult neo literates. The OBE is offered in some states as an Equivalency Programme under the Continuing Education (CE) scheme of the National Literacy Mission (NLM).

## 1.3 Standard of Education and Recognition

There are three National Boards of School Education viz., NIOS, CBSE and CISCE. The National Institute of Open Schooling is an autonomous institution under the Ministry of Education, Government of India. It is vested with the authority to impart school education upto pre-university level, conduct examinations and award certificates. The certificates awarded by NIOS are recognised for higher education, Government jobs and for all other purposes.


## 1.4 ओबीईं कार्यक्रम के स्तर

## 1.4 Levels of OBE Programme




## 1.5 ओबीईं कार्यक्रम के लिए बहु प्रविष्टि प्रणाली

## 1.5 Multiple Entry System for OBE Programme



## 1.6 लक्ष्य समूह

यह कार्यक्रम 6–14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों और 14 वर्ष से अधिक आयु के किशोरों/प्रौढ़ों के लिए है। लक्ष्य समूह में 14 वर्ष और उससे अधिक आयु के किशोरों और प्रौढ़ों के लिए किशोर एवं प्रौढ़ शिक्षार्थियों को शिक्षार्थियों की निम्नलिखित श्रेणियां शामिल हैं –

### किशोर एवं प्रौढ़

- औपचारिक शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत बीच में ही स्कूल छोड़ चुके बच्चे।
- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की सतत शिक्षा योजना के नव–साक्षर।
- वंचित समूहों के व्यस्क जैसे अनुसूचित जातियाँ (अनु.जा.), अनुसूचित जनजातियाँ (अनु.ज.जा.), अल्पसंख्यक समूह, प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के व्यक्ति, खानाबदोश किशोर और प्रवासी जनसंख्या, विशेषकर महिलाएँ।
- जिन्होंने एनएलएमए एवं एनआईएलपी का बेसिक शिक्षा साक्षरता मूल्यांकन उत्तीर्ण किया है।

## 1.7 सुविधाएँ और लचीलापन

- पंजीकरण अवधि अधिकतम पांच साल की अवधि के लिए मान्य है।
- हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू अथवा किसी भी क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के माध्यम के रूप में किसी भी भाषा को चुनने की सुविधा।
- ओबीई (प्रौढ़) प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु उस वर्ष के 31 मार्च को 14 वर्ष होनी चाहिए।
- मूल्यांकन, एनआईओएस द्वारा प्रदान किए गए दिशा–निर्देशानुसार प्रत्यायित एजेंसियों (एए) द्वारा किया जाएगा।
- प्रत्येक स्तर पर पहली परीक्षा प्रवेश वर्ष से अगले वर्ष में होगी।
- ओबीई शिक्षार्थियों के लिए क्रेडिट संचयन की सुविधा उपलब्ध है। शिक्षार्थी प्रमाणपत्र के लिए तभी योग्य होगा/होगी जब वह संबंधित स्तर के लिए सभी विषयों में उत्तीर्ण हो जाए।
- प्रत्येक स्तर (क/ख/ग) के लिए अध्ययन की न्यूनतम अवधि एक शैक्षिक वर्ष है ।

## 1.6 Target Group

The programme is being conducted for children of 6-14 years age group and adolescents/adults of 14 years of age and above. The target group consists of following categories of learners for adolescents/adults of 14 years of age and above:

### Adolescents and Adults

- Dropouts from formal system of education
- Neo-literates of the National Literacy Mission's Continuing Education Scheme
- The adults of marginalized groups, in particular women such as Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST), minority, Below Poverty Line (BPL) persons, nomads, migratory population and first generation learners
- Those who qualified the Basic Education Literacy Assessment of NLMA and NILP.

## 1.7 Features and Flexibilities

- Registration period valid for a maximum period of five years
- Flexibility of choosing any language as the medium of study from Hindi, English, Sanskrit, Urdu or any Regional Language
- Minimum age for admission of OBE (Adult) is 14 years as on 31st March of the year.
- Assessment by the Accredited Agencies (AAs) as per guidelines provided by NIOS
- First examination at any level in the next year from the year of admission
- The facility of credit accumulation is available for OBE learners. A learner would be eligible for the certificate only when he/she qualifies in all the subjects for the concerned level.
- The minimum duration of study for each level A/B/C is one academic year.

## 1.8 अध्ययन की योजना / Scheme of Studies

**तालिका 1 : ओबीई स्तर क, ख और ग के लिए अध्ययन योजना**
**Table 1: Scheme of Studies for OBE at Level A, B and C**

| स्तर 'क' | Level 'A' |
|---|---|
| न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 2 विषय (समूह 2 से) + न्यूनतम 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) – कुल 4 विषय | Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 2 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 4 Subjects |

| स्तर 'ख' | Level 'B' |
|---|---|
| न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 2 विषय (समूह 2 से) + न्यूनतम 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) – कुल 4 विषय | Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 2 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 4 Subjects |

| स्तर 'ग' | Level 'C' |
|---|---|
| न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 3 विषय (समूह 2 से) + 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) – कुल 5 विषय | Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 3 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 5 Subjects |

***नोट:*** *प्रत्येक विषय को एक विषय कोड दिया गया है। विषय कोडों की सूची* ***तालिका-2*** *में दी गई है।*

i. एक शिक्षार्थी न्यूनतम एक अथवा अधिक भाषा (अधिकतम तीन भाषाए) सहित **अधिकतम सात विषय** ले सकता/सकती है।

ii. शिक्षार्थी स्तर 'ख' और 'ग' पर एक अतिरिक्त व्यावसायिक विषय लेने के लिए स्वतंत्र है।

***Note:*** *Each subject has been given a subject code. List of subject codes is given in* ***Table 2***

i. A learner can take upto maximum **seven subjects** including minimum one language or more (Maximum three languages).

ii. A learner has freedom to opt for one additional Vocational subject at levels 'B' and 'C'.

## तालिका 2 : स्तर क, ख और ग के विषय
## Table 2: Subjects at Level A, B and C

| क्र.सं. S.No. | विषय Subject | कोड Code | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्तर 'क' Level 'A' | स्तर 'ख' Level 'B' | स्तर 'ग' Level 'C' |
| | **समूह 1 - भाषाएँ/Group 1 - Languages** | | | |
| 1. | हिंदी/Hindi | A101* | B101* | C101* |
| 2. | अंग्रेजी/English | A109 | B109 | C109* |
| 3. | बंगाली/Bengali | A110 | B110 | C110 |
| 4. | मराठी/Marathi | A111 | B111 | C111 |
| 5. | तेलुगू/Telugu | A112 | B112 | C112 |
| 6. | उर्दू/Urdu | A113 | B113 | C113 |
| 7. | गुजराती/Gujarati | A114 | B114 | C114 |
| 8. | कन्नड़/Kannada | A115 | B115 | C115 |
| 9. | संस्कृत/Sanskrit | A116* | B116* | C116* |
| 10. | पंजाबी/Punjabi | A117 | B117 | C117 |
| 11. | तमिल/Tamil | A118 | B118 | C118 |
| 12. | उड़िया/Oriya | A119 | B119 | C119 |
| 13. | मलयालम/Malayalam | A120 | B120 | C120 |
| 14. | असमिया/Assamese | A121 | B121 | C121 |
| 15. | कश्मीरी/Kashmiri | A122 | B122 | C122 |
| 16. | कोंकणी/Konkani | A123 | B123 | C123 |
| 17. | डोगरी/Dogari | A124 | B124 | C124 |
| 18. | नेपाली/Nepali | A125 | B125 | C125 |
| 19. | बोडो/Bodo | A126 | B126 | C126 |
| 20. | मणिपुरी/Manipuri | A127 | B127 | C127 |
| 21. | मैथिली/Maithili | A128 | B128 | C128 |
| 22. | संथाली/Santhali | A129 | B129 | C129 |
| 23. | सिंधी/Sindhi | A130 | B130 | C130 |

| समूह 2 - शैक्षिक विषय/Group 2 - Academic Subjects | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | पर्यावरण अध्ययन/Environmental Studies | A102** | B102** | - |
| 25. | गणित/Mathematics | A103** | B103** | C103** |
| 26. | सामाजिक विज्ञान/Social Science | - | - | C102** |
| 27. | विज्ञान/Science | - | - | C105** |
| 28. | बेसिक कम्प्यूटर कौशल/Basic Computer Skills | A104** | B104** | C104** |
| 29. | वेद/Veda | A145# | B145# | C145# |
| 30. | विज्ञान – भारतीय ज्ञान परंपरा/ Vijnana - Bharatiya Jnana Parampara | A146# | B146# | C146# |
| 31. | योग/Yoga | A147# | B147# | C147# |
| **समूह 3 - पूर्व-व्यावसायिक विषय/Group 3 - Pre-Vocational Subjects** | | | | |
| 32. | कटाई, सिलाई एवं पोशाक निर्माण/ Cutting, Tailoring and Dress Making | A106** | B106 | C106** |
| 33. | सौंदर्य संवर्द्धन/Beauty Culture | A107 | B107 | C107 |
| 34. | खाद्य संसाधन/Food Processing | A108 | B108 | C108 |
| 35. | खिलौना निर्माण/Toy Making | A131 | B131 | C131 |
| 36. | चित्रकला/Painting | A132 | B132 | C132 |
| 37. | मधुमक्खी पालन/Bee Keeping | A133 | B133 | C133 |
| 38. | कला और शिल्प/Art and Craft | A134 | B134 | C134 |
| 39. | फर्नीचर निर्माण/Furniture Making | A135 | B135 | C135 |
| 40. | बांस शिल्प कला/Bamboo Craft | A136 | B136 | C136 |
| 41. | वर्मी कम्पोस्टिंग/Vermicomposting | A137 | B137 | C137** |
| 42. | कृषि/Agriculture | A138 | B138 | C138 |
| 43. | बेकरी/Bakery | A139 | B139 | C139 |
| 44. | स्वास्थ्य और हमारा भोजन/ Health and our Food | A141 | B141 | C141 |
| 45. | फूलों की खेती/Flower Farming | A142 | B142 | C142 |
| 46. | शिशु देखभाल सहायता/Child Care Assistance | A143 | B143 | C143 |
| 47. | व्यावसायिक कौशल/Vocational Skills | A149# | B149# | C149# |

**नोट :**

1. * - आदर्श स्व-अध्ययन सामग्री संबंधित माध्यम में उपलब्ध है।
2. ** - आदर्श स्व-अध्ययन सामग्री हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध है तथा पूर्व-व्यावसायिक विषय केवल हिंदी माध्यम में उपलब्ध है।
3. # - आदर्श स्व-अध्ययन सामग्री हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध है।

**Note:**

1. * - Exemplar SLM is available in respective language.
2. ** - Exemplar SLM is available in Hindi and English medium and Pre-Vocational subjects are available in Hindi medium only.
3. # - Exemplar SLM is available in Hindi, Sanskrit and English medium.

2

# प्रवेश
# Admission

एनआईओएस ओबीई कार्यक्रम के तीनों स्तरों पर अपने शिक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है। ऑनलाइन प्रवेश के लिए विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है :

NIOS offers Online admission facility to its learners at all three levels of OBE Programme. The detailed procedure for Online Admission is given below:

## 2.1 ऑनलाइन प्रवेश

प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु शिक्षार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.nios.ac.in तथा एनआईओएस के शिक्षार्थी पोर्टल www.sdmis.nios.ac.in के माध्यम से प्रवेश 100% ऑनलाइन हैं। शिक्षार्थी ओबीई कार्यक्रम के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके सीधे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षार्थी के पास तीन विकल्प हैं :

i. **भाग 2.3** में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके सीधे ऑनलाइन पंजीकरण करें।

ii. निकटतम प्रत्यायित एजेंसी (अध्ययन केंद्र) पर जाएं और ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उनकी सहायता लें। मान्यता प्राप्त प्रत्यायित एजेंसियों (एए) की सूची एनआईओएस वेबसाइट पर उपलब्ध है।

iii. एनआईओएस के संबंधित क्षेत्रीय केंद्र पर जाएं और ऑनलाइन प्रवेश के लिए उनकी मदद लें। क्षेत्रीय केंद्रों की सूची **परिशिष्ट-क** में है।

## 2.1 Online Admission

Admissions are 100% Online through website www.nios.ac.in and the Student Portal of NIOS www.sdmis.nios.ac.in in order to facilitate the learners to register for admission. Learner can directly register Online by following the procedure laid down for OBE Programme.

Under this programme, the learner has three options :

i. Register Online directly by following the procedure laid down in **Section 2.3**.

ii. Visit nearest AA (Study Centre) and take their help for Online registration. The list of Accreditated Agencies (AAs) is available on NIOS website.

iii. Visit the concerned Regional Centre of NIOS and take its help for online-registration. The list of Regional Centres is at **Appendix-A**.

## 2.2 प्रवेश की अवधि

ऑनलाइन प्रवेश स्तर क, ख और ग के लिए निर्धारित योग्यता मानदंडों के अनुसार सभी शिक्षार्थियों के लिए खुला है। सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश की अवधि निम्नानुसार है :

## 2.2 Admission Period

The Online Admission is open for all the learners as per the laid down eligibility criteria for the Level A, B and C. Admission period for session 2026-27 is as follows:

### तालिका 3 : ऑनलाइन प्रवेश के लिए तिथियां
### Table 3: Dates for Online Admission

| स्तर<br>**Level** | ऑनलाइन प्रवेश की तिथियाँ<br>**Dates of Online Admission** | परीक्षा जिसमें शिक्षार्थी पहली बार परीक्षा में बैठ सकते हैं।<br>**Examination in which the learners can appear first time** |
|---|---|---|
| **क/ख/ग** | 1 अप्रैल, 2026 से 15 सितंबर, 2026 | फरवरी, 2027 |
| **A/B/C** | From 1st April, 2026 to 15th September, 2026 | February, 2027 |

## 2.3 ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया

एनआईओएस की वेबसाइट **www.nios.ac.in** अथवा एनआईओएस के शिक्षार्थी पोर्टल **www.sdmis.nios.ac.in** पर लॉग ऑन करें और निर्देशों तथा प्रक्रियाओं को ध्यान से पढ़ें। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने से पहले तालिका - 4 में उल्लिखित प्रवेश आवश्यकताओं के अनुसार स्कैन की गई फोटो, हस्ताक्षर तथा प्रासंगिक दस्तावेज़ और सभी आवश्यक जानकारी तैयार रखें। शिक्षार्थी वैध मोबाइल नंबर/वैध ई-मेल आईडी के साथ तैयार रहें।

## 2.3 Procedure for Online Admission

Log on to NIOS website **www.nios.ac.in** or the Student Portal of NIOS **www.sdmis.nios.ac.in** and read the instructions and procedures carefully and keep ready all the necessary information and scanned image(s) of Photograph, Signature and relevant Document as per Entry Requirements mentioned in Table-4 before filling the Online Application Form. Learner should also be ready with valid Mobile Number/valid e-mail ID.

## तालिका 4 : प्रवेश के लिए आवश्यक

| प्रवेश की आवश्यकता | आवश्यकता/तिथियाँ | टिप्पणी |
|---|---|---|
| क. प्रवेश स्तर<br>क<br>ख<br>ग | किसी भी स्तर पर न्यूनतम आयु 14 वर्ष से अधिक | 31 मार्च, 2026 को शिक्षार्थी की न्यूनतम आयु पूरी होनी चाहिए |
| ख. प्रवेश की अंतिम तिथि | 15 सितंबर, 2026 | |
| ग. न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | किसी भी स्तर पर किसी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है | |
| घ. जन्म तिथि के लिए आवश्यक सहायक दस्तावेज | 1. नगर निगम प्राधिकरण अथवा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार के जिला कार्यालय द्वारा जारी 26.01.1989 को या उसके बाद जन्मे लोगों के लिए किया गया जन्म प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>2. भारत सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट<br>अथवा<br>3. पिछले विद्यालय से प्राप्त मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र/विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र जिसमें आवेदक की जन्म तिथि लिखी हो। सरकारी विद्यालयों के मामले में स्थानांतरण प्रमाणपत्र/विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र पर प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर होने चाहिए जबकि निजी स्कूलों के मामले में, वह राज्य/या जिला शिक्षा अधिकारी के सक्षम शिक्षा प्राधिकरण द्वारा अथवा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।<br>अथवा<br>4. भारत सरकार की संबंधित एजेंसी द्वारा जारी आधार कार्ड | नोट :<br>i. अनाथ/किशोर/फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों के लिए प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी हलफनामा (सर्टिफिकेट) अथवा आधार कार्ड की प्रति के साथ चिकित्सा विधि प्रमाणपत्र को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में माना जाएगा।<br>ii. जन्म प्रमाणपत्र न होने पर, गांव के सरपंच/नगर निगम/नगर परिषद का प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए।<br>iii. एक बार प्रवेश फॉर्म में दी गई जन्मतिथि बदली नहीं जाएगी। कृपया ध्यान रखें और प्रवेश फॉर्म में सही जन्म तिथि लिखें। |
| ड. निवास का प्रमाण | **सभी के लिए आवासीय पते का प्रमाण आवश्यक है। निम्नलिखित में से किसी एक की एक प्रति संलग्न करें।**<br>1. आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड अथवा पानी/टेलीफोन/बिजली बिल। नाबालिग होने की स्थिति में माता-पिता/अभिभावक का पासपोर्ट।<br>2. किराए के आवास में रहने वाले शिक्षार्थी के लिए, माता-पिता/अभिभावक के नाम पर वर्तमान किराए के आवास के किसी भी प्रमाण के साथ स्थायी पते का कोई प्रमाण स्वीकार किया जाएगा।<br>3. फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों/निराश्रितों/प्रवासियों/झुग्गियों में रहने वाले/अनाथ बच्चे, जिनका वर्तमान में कोई आवासीय पता नहीं है, वे श्रेणी बताते हुए (ऊपर उल्लिखित) स्व-प्रमाणपत्र प्रदान करें और प्रमाणित करें कि उनका कोई आवासीय पता नहीं है। यद्यपि एनआईओएस के साथ पत्राचार के उद्देश्य से, ऐसे शिक्षार्थी को एक संपर्क पता देना होगा। स्व-प्रमाण पत्र प्रत्यायित एजेंसियों/गैर सरकारी संगठन/अनाथालय के साथ-साथ प्रायोजक अभिभावक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित और सरकारी कार्मिक/ पंचायत स्तर के अधिकारी/ नगर निगम अधिकारी/ ब्लॉक स्तर के अधिकारी/जिला स्तर के अधिकारी या उच्च स्तर के द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। | i. ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म आवश्यक सहायक दस्तावेजों को अपलोड किए बिना रद्द कर दिया जाएगा और शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।<br>ii. यदि किसी शिक्षार्थी को अनुचित साधनों का उपयोग करने के कारण किसी अन्य बोर्ड द्वारा बहिष्कृत कर दिया जाता है तो वह एनआईओएस में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा।<br>iii. यदि कोई शिक्षार्थी अपेक्षित जानकारी छुपाता है, तो अंतिम चरण में भी प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। |
| च. अन्य दस्तावेज | निम्नलिखित मूल दस्तावेज़ों की स्कैन की गई प्रति :<br>i. पासपोर्ट आकार का अद्यतन रंगीन फोटो<br>ii. शिक्षार्थी के हस्ताक्षर (बेहतर हो कि काली स्याही में)<br>iii. अक्षमता प्रमाणपत्र (यदि किसी प्रकार की अक्षमता है तो) | |

## Table 4: Entry Requirements

| Entry Requirement | Requirements/Dates | Remarks |
|---|---|---|
| A. AdmissionLevel A, B and C | Minimum age – Above 14 years at any level | Learner should have completed the minimum age as on 31st March, 2026 |
| B. Last date for admission | 15th September, 2026 | |
| C. Minimum Educational Qualification | No minimum educational qualification is required at any level | |
| D. Essential Supporting Documents for Date of Birth | 1. Birth Certificate issued by the Municipal Authority or District Office of the Registrar of Birth and Deaths for those born on or after 26.01.1989.<br>OR<br>2. Passport Issued by Govt. of India<br>OR<br>3. Original Transfer Certificate/School Leaving Certificate showing applicant's date of birth, issued by the school last attended by the applicant. In case of Govt. schools, the Transfer Certificate/School Leaving Certificate should be signed by the Principal while in the case of Private schools, it should also be countersigned by the competent education authority of the State/or District Education Officer.<br>OR<br>4. Aadhaar Card issued by the concerned Agency of Govt. of India | **Note:**<br>i. In case of Orphan/Juvenile/Street Children, the Medical Legal Certificate alongwith an Affidavit issued by First class Magistrate or copy of Aadhaar Card has to be provided as proof of Date of Birth.<br>ii. In the absence of Birth Certificate, a certificate attested by Village Sarpanch/authorised signatory of Municipal Corporation/Municipal Council should be attached.<br>iii. Date of birth once given in the Admission Form shall not be changed. Please check and state the correct date of birth in the Admission Form. |
| E. Proof of Residence | **Proof of residential address is essential for all. Attach a copy of any one of the following.**<br>1. Ration Card, or Aadhar Card, or Appointment Letter from the Employer on Letter Head, or Water/Telephone/ Electricity Bill/Statement of running Bank Account or Income Tax Assessment Order/ Election Commission's Voter Identity Card, Parents Passport in case of minor.<br>2. For the learner living in a rented accommodation, any proof of permanent address along with any proof of present rented accommodation will be accepted.<br>3. A learner belonging to the category of street children/ destitute/migrants/slum dwellers/orphans not having any residential address at present will have to furnish a self certificate stating the category (mentioned above) and certify that he/she do not have own residential address. However, for the purpose of correspondence with NIOS, such learner will have to furnish a contact address. The self certificate has to be countersigned by the AA/ NGO/ Orphan Home with complete name, designation and address along with their official stamp. | i. Online Admission Form without uploading required supporting documents will be rejected and fee will not be refunded.<br>ii. In case a learner has been debarred by any other Board for using unfair means at any stage, he/she will not be eligible for admission in NIOS.<br>iii. In case a learner conceals the requisite information, admission will be cancelled, even at later stage. |
| F. Other documents | Original scanned copy of:<br>i. Recent Passport size colour Photograph<br>ii. Signature of learner (preferably in Black Ink).<br>iii. Disability Certificate (in case of having any kind of disability) | |

ii. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के दौरान ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुः

क. कृपया ध्यान रखें कि प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रवेश चक्र की अंतिम तिथि पर बंद हो जाएगा। प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म जमा करने वाले शिक्षार्थी आवेदन फॉर्म के साथ अथवा ऑनलाइन आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अंदर शुल्क का भुगतान करें। यदि कोई शिक्षार्थी प्रवेश चक्र की अंतिम तिथि को ऑनलाइन ओवदन फॉर्म जमा करता/करती है, तो ऐसे शिक्षार्थी को शुल्क का ऑनलाइन भुगतान चक्र की अंतिम तिथि के पांच दिनों के भीतर करना अनिवार्य है।

ख. दस्तावेजों के सत्यापन, प्रक्रिया शुल्क और पंजीकरण के दौरान शिक्षार्थी द्वारा दी गई जानकारी के सफलापूर्वक सत्यापन के बाद प्रवेश की पुष्टि की जाएगी और एक नामांकन संख्या दी जाएगी। एनआईओएस द्वारा प्रवेश की पुष्टि के पश्चात शिक्षार्थी के साथ ईमेल और एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

ग. यदि ट्रांजेक्शन पूरा नहीं होता है तो शिक्षार्थी को फिर से ट्रांजेक्शन करना होगा।

घ. शिक्षार्थी पंजीकृत ईमेल पर भेजे गए नाम और पासवर्ड का प्रयोग कर एनआईओएस के शिक्षार्थी पोर्टल (sdmis.nios.ac.in) पर लॉगइन कर नियमानुसार बाद में भुगतान कर सकते हैं।

ङ. शिक्षार्थी के लॉगइन में डैशबोर्ड, ई–सेवाओं के माध्यम से शिक्षार्थी संबंधी सभी गतिविधियों के प्रबंधन की अनुमति देगा।

च. शिक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित अनुभागों में सही और प्रामाणिक जानकारी दें तथा वैध, प्रामाणिक और संबंधित रंगीन फोटो/रंगीन दस्तावेज़ अपलोड करें। भुगतान करने के बाद आवेदन फार्म में किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधूरी/गलत जानकारी प्रस्तुत करना या अप्रासंगिक फोटो/दस्तावेज़ अपलोड करने से एनआईओएस किसी

ii. Important points to consider while filling the Application Form Online:

a. Please note that online Registration for Admission closes on the last date of admission cycle. A learner submitting application form for Admission is required to make payment of Processing Charges either with the Application or within 10 days of submitting the application online. In case, a learner submits online application form admission towards the closing date of admission cycle, then such learner is required to make online payment of the charges within five days of the closing date of the cycle.

b. After successful verification of the documents, Processing Charges and the information submitted by the learner during registration, the admission will be confirmed and an Enrolment Number will be generated. Appropriate communication will be sent to the learner through email and SMS after the admission is confirmed by NIOS.

c. If the transaction fails, then the learner has to make the transaction again.

d. The learner can make the payment later as per norms by logging into the Student Portal of NIOS (sdmis.nios.ac.in) using the User Name and Password Sent to the registered email.

e. The dashboard in the learner's login will permit management of all the student related activities through e-services.

f. The learner is advised to furnish correct and authentic information and to upload valid, authentic and relevant color photo/color documents in the respective sections in the Application Form. No changes shall be permitted in the Application Form after the payment is done. Furnishing incomplete/ wrong information or uploading irrelevant

भी समय पंजीकरण/प्रवेश रद्द करने की कार्रवाई करेगा। ऑनलाइन प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए शिक्षार्थी lsc@nios.ac.in को ई-मेल कर सकते हैं।

छ. शिक्षार्थी को आवेदन फॉर्म और दस्तावेज़ों की हार्ड प्रति भेजने/जमा करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन आवश्यक दस्तावेज़ों की स्कैन की गई मूल प्रति ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है। यदि एनआईओएस प्रबंधन को आवश्यकता होगी अथवा ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन पत्र/दस्तावेज़ में कोई विसंगति पाई जाएगी, तो शिक्षार्थी को दस्तावेजों और फोटो के साथ मुद्रित आवेदन पत्र जमा करना होगा। यदि इसकी आवश्यकता होगी तो इस बारे में शिक्षार्थी को ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

Photo/Documents will result in NIOS taking action to cancel the Registration/Admission at any point of time. For queries regarding online admission, the learner can e-mail to lsc@nios.ac.in.

g. The learner is not required to send/submit the hard copy of the Admission form and the documents but it is mandatory to upload the original scanned copy of required documents online. If required by NIOS Management or if any other discrepancy is found in the submitted online Application Form/ Documents, the learner shall be required to submit the printed application form along with the Documents and Photograph. This requirement will be communicated to him/ her through email and SMS.


एक ई-मेल आईडी का उपयोग केवल एक बार ही किया जा सकता है और एक मोबाइल नंबर और एक पते का उपयोग अधिकतम तीन शिक्षार्थियों के लिए किया जा सकता है।

One email address can be used only once and one Mobile Number and one Address can be used for registration of maximum three learners.


शिक्षार्थी के लिए उपयोगकर्ता का नाम और एक पासवर्ड बनाया जाएगा और इसका विवरण उस प्रमाणित/ई-मूल पते पर भेजा जाएगा, जिसका उल्लेख शिक्षार्थी के बेसिक विवरण में किया गया था। ई-मेल में आगे की प्रक्रिया के लिए निर्देश भी होंगे। उपयोगकर्ता संबंधी जानकारी (उपयोगकर्ता का नाम और पासवर्ड) को सुरक्षित रखें।

A User Name and a Password will be created for the learner and the details will be sent to the authenticated email address which was mentioned in the basic details of the learner. This email will also contain the instructions for further processing. Keep the user Credentials (user name and Password) safe.

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
# मुक्त बेसिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में ऑन-लाइन प्रवेश
# की प्रक्रिया की चित्रात्मक प्रस्तुति



## National Institute of Open Schooling (NIOS)
## Diagrammatic Presentation of the Process of Online Admission in the OBE Programme, Level A, B and C



## 2.4 क्षेत्रीय केंद्रों/प्रत्यायित एजेंसियां (अध्ययन केंद्र) के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया

एनआईओएस की सभी प्रत्यायित एजेंसियों (अध्ययन केंद्रों) को अधिकार है कि वे ऑनलाइन प्रवेश कराने वाले शिक्षार्थियों की सहायता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण, काउंटर खोलें। वे प्रवेश-पूर्व परामर्श और एनआईओएस की सुविधाओं के बारे में भी शिक्षार्थियों की सहायता करेंगी। प्रत्यायित एजेंसी (एए) उपर्युक्त भाग 2.3 में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वही प्रक्रिया अपनाएंगे।

## 2.5 प्रवेश के लिए प्रोसेसिंग शुल्क संरचना

पंजीकरण, प्रवेश के लिए सत्यापन, डाटा प्रोसेसिंग, परीक्षाओं की मॉनिटरिंग, परिणाम, डेटा की प्रोसेसिंग, संयुक्त प्रमाणपत्र तैयार करना और शिक्षार्थियों को जारी करने के लिए उन्हें एए को भेजने हेतु प्रोसेसिंग शुल्क लिया जाता है। स्तर के अनुसार शुल्क है :

**तालिका 5: स्तरवार प्रक्रिया शुल्क**

| स्तर | प्रति शिक्षार्थी शुल्क (रु. में) |
|---|---|
| 'क' | 300* |
| 'ख' | 500* |
| 'ग' | 800* |

* *उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त प्रत्येक ऑनलाइन ट्रांसेक्शन के लिए रु.70/- का भुगतान किया जाएगा।*

## 2.4 Procedure for Online Admission through Regional Centres/AA (Study Centre)

All AAs (Study Centres) of NIOS are authorised to open an Online Registration Counter for facilitating learners to take Online admission. They will also help learners in pre-admission counseling and features of NIOS. **The AA will follow the same procedure for Online registration as mentioned in section 2.3 above.**

## 2.5 Processing Charge Structure for Admission

The processing charge is charged for Registration, verification of admission, data processing, monitoring of examinations, processing of result data, preparation of Joint Certificates and sending them to AAs for issuing to learners. The level wise charges are:

**Table 5: Level Wise Processing Charge**

| Level | Charges (in Rs.) per learner |
|---|---|
| 'A' | 300* |
| 'B' | 500* |
| 'C' | 800* |

* *In addition to the above Rs. 70/- will be admissible for every online transactions*

**प्रक्रिया शुल्क में अध्ययन सामग्री का मूल्य शामिल नहीं है क्योंकि यह एनआईओएस द्वारा प्रदान नहीं की जाती।**

**Processing Charges does not include the price of Study Material as it is not provided by NIOS.**

## 2.6 प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान कैसे करें?

शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग, उपलब्ध भुगतान माध्यमों द्वारा ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

## 2.7 प्रवेश रद्द होना

शिक्षार्थी का प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा यदि :

i. दिया गया प्रोसेसिंग शुल्क कम हो;

ii. सहायक दस्तावेज़ सही न हों,

iii. जाली कागजात जमा किए गए हैं, यदि त्रुटिपूर्ण और गलत जानकारी दी गई हो।

**नोट :**

क. एक बार प्रवेश रद्द करने पर पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

ख. एक बार भुगतान किया गया प्रोसेसिंग शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

## 2.8 प्रवेश की पुष्टि

i. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा किसी विशिष्ट स्तर में प्रवेश की पुष्टि के लिए शिक्षार्थी को एनआईओएस के रिकॉर्ड के अनुसार ऑनलाइन पहचान पत्र भेजा जाएगा जिसमें शिक्षार्थी का विवरण होगा। यदि इसमें प्रवेश लेने के बाद किसी स्तर पर कोई विसंगति पाई जाती है, यहां तक कि यदि पहचान पत्र जारी भी कर दिया जाता है, तब भी, शिक्षार्थी का प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा और यदि शिक्षार्थी परीक्षा में भी बैठ जाते हैं, तब भी उनका परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा।

ii. कृपया पहचान पत्र में दिए गए अपने विवरण की जांच कर लें। यदि शिक्षार्थी के व्यक्तिगत विवरण, पते, फोटो इत्यादि में कोई विसंगति है तो इसे ई–सेवा के माध्यम से तुरंत ठीक कराएं। शिक्षार्थी अपना पहचान पत्र, एनआईओएस में अध्ययन पूर्ण होने तक संभालकर रखें।

## 2.6 How to Pay the Processing Charges

The fee can be deposited Online through Credit Card /Debit Card/Net Banking, available Payment Gateways.

## 2.7 Cancellation of Admission

Learner's admission will be cancelled in case:

i. The Processing charge paid is short,

ii. The supporting documents are not appropriate,

iii. False documents have been submitted, if incorrect or wrong information is given,

**Note:**

a. Admission once cancelled will not be re-considered.

b. Processing charge once paid will not be refunded on any account.

## 2.8 Confirmation of Admission

i. Admission to a particular level is confirmed by NIOS by issuing an online Identity Card having learner's admission particulars as per the record available in NIOS. In case any discrepancy is noticed at any stage of admission and even if the Identity Card has been issued, the admission will be cancelled and result will not be declared even if the learners appeared in examination.

ii. Do check the particulars given in the Identity Card. In case, there is any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., the same should be corrected through e-service immediately. The Learner should retain the Identity Card carefully till completion of study in NIOS.

iii. प्रवेश रिकॉर्ड में संशोधन केवल नियमानुसार (जो एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।) ही किया जाएगा।

## 2.9 प्रवेश के बाद ई-सेवाओं के माध्यम से अन्य सुविधाएं

ई-सेवाओं के माध्यम से प्राप्त की जाने वाली सेवाएं इस प्रकार हैं :

i. पहचान पत्र की दूसरी प्रति जारी करना।

ii. विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय

iii. अध्ययन केंद्र/प्रत्यायित एजेंसी बदलना

iv. दस्तावेज़ों की दूसरी प्रति जारी करना

v. नाम, पिता का नाम, माता का नाम और/अथवा अभिभावक के नाम में नाम मात्र संशोधन

vi. शिक्षार्थी के नाम में परिवर्तन

vii. जन्मतिथि, नाम, पिता का नाम, माता का नाम, अभिभावक के नाम में परिवर्तन।

## 2.10 केवल ई-सेवाओं के माध्यम से प्रवेश रिकॉर्डों में संशोधन की प्रक्रिया

एनआईओएस द्वारा किसी विशेष स्तर में प्रवेश की पुष्टि एक ऑनलाइन पहचान पत्र जारी करके की जाती है जिसमें शिक्षार्थी का नाम, जन्म तिथि, चुने गए विषयों आदि का विवरण होता है। ये विवरण वही हैं जो शिक्षार्थी ने एनआईओएस में प्रवेश लेते समय भरे थे। शिक्षार्थी से अनुरोध है कि वे एनआईओएस के शिक्षार्थी पोर्टल **www.sdmis.nios.ac.in** पर अपना विवरण तुरंत जांच लें।

यदि शिक्षार्थी के व्यक्तिगत विवरण, पते, फोटो इत्यादि में कोई विसंगति है तो इसे ई-सेवाओं के माध्यम से संशोधित कराया जाए। रिकॉर्ड संशोधन हेतु मानदण्ड निम्नानुसार हैं :

iii. The Correction in the Admission Record will be made as per rules only (which are available on NIOS website).

## 2.9 Other Facilities after Admission through E-services

Services which can be availed through e-services are:

i. Issue of Duplicate Identity Card

ii. Change of Subject/Additional Subject

iii. Change of Study Centre/AA

iv. Issue of Duplicate Documents

v. Minor Corrections in Spelling of Name, Father's Name, Mother's Name and/or Guardian's Name

vi. Change of learner's name

vii. Correction of Date of Birth, Name, Father's Name, Mother's Name, Guardian's Name

## 2.10 Procedure for Correction in the Admission Records through e-services only

The admission to a particular level is confirmed by NIOS by issuing an online Identity Card having details of Learner's Name, Date of Birth, Subjects opted etc. These details are the same as filled in by the learner at the time of admission in NIOS. The learner is requested to check the details immediately on the Student Portal of NIOS **www.sdmis.nios.ac.in**.

In case, there is any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., the same should be corrected through e-services. The norms for correction of records are as follows:

# तालिका 6 : अभिलेखों में सुधार के लिए मानदण्ड

| क्रम संख्या | संशोधन | मानदण्ड | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षार्थी के नाम में परिवर्तन | शिक्षार्थी के नाम में परिवर्तन पर **बिना किसी समय सीमा के विचार किया जाएगा।** | 1. दो समाचार पत्र, जिनमें अपेक्षित परिवर्तन प्रकाशित कराया गया। इससे संबंधित राजपत्र अधिसूचना। |
| 2. | शिक्षार्थी के नाम, माता के नाम और पिता के नाम में संशोधन | शैक्षिक सत्र 2018-2019 से **प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि से 10 वर्ष की अवधि के भीतर** वर्तनी अशुद्धियों, शिक्षार्थी के नाम, पिता के नाम, माता के नाम में तथ्यात्मक अशुद्धियों के संशोधन पर विचार किया जाएगा। | 1. संबंधित नगरपालिका/स्थानीय स्वशासन/अंचल अधिकारी कार्यालय/प्रखंड विकास अधिकारी/उप मंडल मजिस्ट्रेट/जिला मजिस्ट्रेट/जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।<br>2. रु. 10 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पर आवश्यक संशोधन के लिए किए गए निवेदन के संबंध में घोषणा करते हुए तीसरे पक्ष द्वारा इस तरह के संशोधनों के लिए एनआईओएस को क्षति से सुरक्षित किया जाए। |
| 3. | जन्मतिथि में संशोधन | एक बार एनआईओएस के रिकॉर्ड में दर्ज होने के बाद जन्मतिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। फिर भी, वास्तविक टंकण अशुद्धि/तथ्यात्मक अशुद्धियों का संशोधन किया जा सकता है। शैक्षिक सत्र वर्ष 2018-19 से प्रवेश के लिए **प्रवेश की तिथि से 10 वर्ष की अवधि के अंदर जन्मतिथि में संशोधन पर विचार किया जाएगा।** | 1. संबंधित नगरपालिका/स्थानीय स्वशासन/अंचल अधिकारी कार्यालय/प्रखंड विकास अधिकारी/उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट/ जिला मजिस्ट्रेट/जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।<br>2. रु. 10 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पर आवश्यक संशोधन के लिए किए गए निवेदन के संबंध में घोषणा करते हुए तीसरे पक्ष द्वारा इस तरह के संशोधनों के लिए एनआईओएस को क्षति से सुरक्षित किया जाए। |
| 4. | बेमेल फोटो में परिवर्तन | बेमेल फोटो में परिवर्तन पर **प्रथम परीक्षा में बैठने से पहले बदलने पर विचार किया जाएगा।** | |
| 5. | प्रशासनिक शुल्क | पहले पाँच वर्षों में संशोधन के लिए शुल्क रु. 400 होगा।<br>छठे से दसवें वर्ष तक संशोधन के लिए शुल्क रु. 800/- होगा। फोटो में परिवर्तन का शुल्क रु. 200/- होगा। | |

## Table 6: Norms for Correction of Records

| Sl. No | Correction | Norms | Document required for change correction |
|---|---|---|---|
| 1 | Change in Learner's Name | Change in the name of learners will be considered **without any time restriction** | 1. Two Newspapers in which the desired change has been published. Gazette Notification to this effect. |
| 2 | Correction in Learner's name, other's name and Father's name | From the Academic session 2018-2019 onwards, Correction of spelling errors, factual errors in learners' name, fathers' name, mothers, name will be considered within a period of **ten years from the date of registration for admission** | 1. Valid documents issued by the concerned Municipal Corporation / Local Self Government / Office of the Circle Officer/ Block Development Officer /Sub Divisional Magistrate / District Magistrate / Registrar of Births and Deaths.<br>2. A sworn affidavit on a non-judicial stamp paper of Rs. 10/- making necessary declaration with respect to the request made for necessary corrections indemnifying the NIOS from any claim against such corrections by the third party. |
| 3 | Correction in Date of Birth | No change in the date of birth once recorded in the NIOS records shall be made. However, correction to rectify the genuine typographical error/ factual errors can be made. From the Academic session 2018-2019 onwards, the correction in date of birth will be considered within a period of **ten years from the date of registration for admission** | 1. Birth certificate from the concerned Municipal Corporation / Local Self Government / Office of the Circle Officer/ Block Development Officer /Sub Divisional Magistrate / District Magistrate / Registrar of Births and Deaths.<br>2 A sworn affidavit on a non-judicial stamp paper of Rs. 10/- making necessary declaration with respect to the request made for necessary corrections indemnifying the NIOS from any claim against such corrections by the third party. |
| 4 | Change of Mismatched photograph | Change of mismatched photograph will be considered before **appearing in the first examination.** | |
| 5 | Administrative fee | Corrections for first five years shall be Rs. 400/-<br>Corrections for Sixth to ten years shall be Rs. 800/-<br>Change of Photograph shall be Rs. 200/- | |

# 3

# अध्ययन प्रक्रिया
# Instructional Process

## 3.1 पाठ्यक्रम और स्व-अध्ययन सामग्री

- ओबीई कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम एनआईओएस द्वारा तैयार किया गया है।
- ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कराये जाने वाले विषयों में शैक्षिक और व्यावसायिक विषय शामिल हैं। इसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को कार्य क्षेत्र से परिचित कराना है।
- यह पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को जीवन संबंधी मामलों के बारे में सोचने का अवसर प्रदान करता है।
- इसमें राष्ट्रीय मामलों और सामाजिक सरोकार, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, शांति और मूल्य भी शामिल हैं।
- गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया गया है।
- शिक्षार्थियों की प्रतिभा और गुणों को भी महत्व दिया गया है।
- ओबीई के लिए आदर्श अध्ययन सामग्री एनआईओएस वेबसाइट (www.nios.ac.in) पर उपलब्ध है।
- प्रत्यायित एजेंसियां राज्य सरकार अथवा अन्य राष्ट्रीय स्तर के स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा तैयार की गई पाठ्य पुस्तकों का भी प्रयोग कर सकती हैं। इसलिए शिक्षार्थियों को एए द्वारा प्रयोग की जाने वाली स्व-अध्ययन सामग्री/पाठ्य पुस्तक के लिए संबंधित एए से संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

## 3.1 Curriculum and Self Learning Material

- The curriculum for OBE programme has been developed by NIOS.
- The subjects offered under OBE Programme at different levels include Academic and Vocational Subjects. This has been done in order to introduce the learners to the world of work.
- The curriculum gives opportunity to learners to think about life related issues.
- It also talks about National concerns and issues related to societal concerns, social harmony, national integration, peace and values.
- Efforts have been made to provide activity based learning.
- The talent and virtues of learners are also recognised.
- Sample learning materials for OBE are available on NIOS website (www.nios.ac.in).
- AAs may also use the text books developed by the State Government or other national level Board of School Education. Therefore, **learners are advised to contact the concerned AA for the Self Learning Material/Text Book used by the AA.**

## 3.2 ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन के घंटे

- ➤ ओबीई कार्यक्रम में पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिए कम से कम 100 घंटे प्रति विषय समय दिया गया है।
- ➤ फिर भी, किसी व्यावसायिक विषय के मामले में, प्रायोगिक कार्य के लिए, 50 घंटे का अतिरिक्त समय (एक व्यावसायिक विषय के लिए कुल 150 घंटे) दिया जाना चाहिए।
- ➤ प्रति विषय अध्ययन के घंटे निम्न प्रकार से हैं :-

## 3.2 Study Hours under OBE Programme

- ➤ The Curriculum of OBE Programme requires minimum 100 hours of study time per subject.
- ➤ However, in case of a pre-vocational subject, additional time of 50 hours should be given for practical work (Total 150 hours for One vocational subject.)
- ➤ The Study Hours per Subjects are as follows:

### तालिका 7: अध्ययन के घंटे

| स्तर | विषय | कुल घंटे | अध्ययन केंद्र पर अध्ययन के लिए घंटे (पीसीपी) | स्व-अध्ययन के लिए अध्ययन के घंटे |
|---|---|---|---|---|
| क और ख | एक भाषा | 100 | 50 | 50 |
| | दो शैक्षिक विषय | 200 | 100 | 100 |
| | एक पूर्व-व्यावसायिक विषय | 150 | 30 (सिद्धांत) +70 (प्रायोगिक) | 20 (सिद्धांत) +30 (प्रायोगिक) |
| कुल | **कुल विषय = 4** | **450** | **250** | **200** |
| ग | एक भाषा | 100 | 50 | 50 |
| | तीन शैक्षिक विषय | 300 | 150 | 150 |
| | एक पूर्व-व्यावसायिक विषय | 150 | 30 (सिद्धांत) +70 (प्रायोगिक) | 20 (सिद्धांत) +30 (प्रायोगिक) |
| **कुल** | **कुल विषय = 5** | **550** | **300** | **250** |

### Table 7: Study Hours

| Level | Subject | Total Hrs. | Study Hrs. at Study Centre (PCP) | Study Hrs for self Study |
|---|---|---|---|---|
| A and B | One Language | 100 | 50 | 50 |
| | Two Academic Subjects | 200 | 100 | 100 |
| | One Vocational Subject | 150 | 30 (Theory) +70 (Practical) | 20 (Theory)+30 (Practical) |
| **Total** | **Total subjects= 4** | **450** | **250** | **200** |
| C | One Language | 100 | 50 | 50 |
| | Three Academic Subjects | 300 | 150 | 150 |
| | One Vocational Subject | 150 | 30 (Theory) +70 (Practical) | 20 (Theory) +30 (Practical) |
| **Total** | **Total Subjects = 5** | **550** | **300** | **250** |

शिक्षार्थियों को स्वयं एवं स्वतंत्र रूप से सीखने की आदत विकसित करनी चाहिए। इससे मुख्य धारा से जुड़ने और निरंतर जीवन पर्यंत सीखने में मदद मिलेगी।

Learner may develop habit of self and independent learning. This will help in mainstreaming and continuation in lifelong learning.

## 3.3 शिक्षार्थी के एए/अध्ययन केंद्र के बारे में

## 3.3 About AA/Study Centre of the Learner

प्रत्यायित एजेंसी (अध्ययन केंद्र) **बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के** निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करेगी:

- ➤ प्रत्येक स्तर पर पाठ्क्रम में निर्धारित सीमा तक शिक्षार्थियों को शैक्षिक सहायता।
- ➤ शिक्षार्थियों की पाठ्यक्रम से संबंधित समस्याओं/प्रश्नों को हल करने के लिए परामर्श।
- ➤ परीक्षा तिथि पत्र, परीक्षा केंद्र एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी की सूचना देना।
- ➤ परीक्षा आयोजित करना।
- ➤ एनआईओएस से प्राप्त करने के बाद किसी अतिरिक्त शुल्क के बिना उपलब्धि/परिणाम सह-स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करना।

The Accredited Agency (Study Centre) will provide the following services **without any additional charges:**

- ➤ Academic support to learners to the extent prescribed in the curriculum at each level.
- ➤ Counseling to solve learner's problems/ queries related to the course.
- ➤ Informing the examination date sheet, examination centre and other important information.
- ➤ Conducting Examination.
- ➤ Issue achievement-cum transfer certificate jointly after receiving from NIOS without any additional fee.

4

# मूल्यांकन प्रक्रिया
# Evaluation System

परीक्षा के लिए निम्नांकित महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखें :

i. संबंधित प्रत्यायित एजेंसी द्वारा निर्धारित तिथियों पर वर्ष में एक बार फरवरी के महीने में परीक्षा आयोजित की जाती है।

ii. पहली बार पंजीकरण करने वाले शिक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने से पहले एक वर्ष तक अध्ययन करना होगा।

iii. परीक्षा का माध्यम हिंदी/संस्कृत/अंग्रेजी/उर्दू/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है।

iv. स्तर 'क' और 'ख' के लिए प्रश्न पत्र 100 अंकों का और परीक्षा की अवधि ढाई घंटे की होगी जबकि स्तर -ग' के लिए होगा प्रश्न पत्र 100 अंकों का और इसकी अवधि तीन घंटे होगी।

v. परीक्षा की तिथि सूची संबंधित प्रत्यायित एजेंसी द्वारा तैयार की जाएगी।

## 4.1 परिणाम सह-स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करना

योग्य शिक्षार्थियों/अभ्यर्थियों को संबंधित प्रत्यायित एजेंसी तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित एक संयुक्त प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

## 4.2 प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए मानदण्ड

ओबीई कार्यक्रम के किसी भी स्तर पर उत्तीर्ण होने और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, एनआईओएस द्वारा निर्धारित मानदण्ड तालिका-8 में दिए गए हैं :-

The following important points should be remembered for examination:

i. Examination is held once in a year in the month of February on the dates fixed by concerned Accredited Agency.

ii. The learner registering for the first time would be required to study for one year before appearing for an examination.

iii. The medium of examination may be Hindi/Sanskrit/English/Urdu/Regional Language.

iv. The examination papers for levels A and B shall be of 100 marks of two and half hours duration; while that for Level C shall be of 3 hours and 100 marks.

v. The date sheet of examination will be prepared by concerned Accredited Agency.

## 4.1 Issue of Achievement cum Transfer Certificate

A Joint Certificate would be issued to the eligible candidates jointly signed by the concerned Accredited Agency and the National Institute of Open Schooling, (NIOS).

## 4.2 Certification Criteria

In order to pass at any level and get a certificate of OBE Programme, the criteria laid down by NIOS are given in Table-8:

**तालिका 8 : मुक्त बेसिक शिक्षा परीक्षाओं के विभिन्न स्तरों पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए मानदण्ड**

**Table 8: Certification Criteria at different levels of Open Basic Education Examinations**

**स्तर 'क'**

न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 2 विषय (समूह 2 से) + न्यूनतम 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) - कुल 4 विषय

**स्तर 'ख'**

न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 2 विषय (समूह 2 से) + न्यूनतम 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) - कुल 4 विषय

**स्तर 'ग'**

न्यूनतम एक भाषा (समूह 1 से) + न्यूनतम 3 विषय (समूह 2 से) + 1 पूर्व व्यावसायिक विषय (समूह-3 से) - कुल 5 विषय

**Level 'A'**

Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 2 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 4 Subjects

**Level 'B'**

Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 2 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 4 Subjects

**Level 'C'**

Minimum 1 Language (from Group-1) + Minimum 3 Subjects (from Group-2) + Minimum 1 Pre Vocational Subject (from Group-3) - Total 5 Subjects

## 4.3 क्रेडिट संचयन

शिक्षार्थी प्रवेश के पांच वर्ष की वैधता की अवधि में होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं में पांच बार परीक्षा में बैठने का अवसर प्राप्त कर सकता/सकती है। एनआईओएस आपके डाटा बेस में संबंधित विषयों में तब तक क्रेडिट संचय करता रहेगा जब तक शिक्षार्थी प्रमाणपत्र हेतु आवश्यक सभी विषयों में सफलता प्राप्त न कर ले। शिक्षार्थी बेहतर शिक्षा और अच्छे परिणाम के लिए इस सुविधाजनक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## 4.3 Credit Accumulation

A learner can avail five chances to appear in the Public Examinations spread over a period of five years within the validity of the admission. NIOS accumulate credits in concerned subjects in its database till the learner clears all the required subjects for certification. Learners can avail this flexible scheme of examination in order to learn well and to get good results.

## 4.4 मूल्यांकन नियम (ग्रेडिंग का स्वरूप)/Evaluation Norms (Grading Pattern)

**तालिका 9: ग्रेडिंग का स्वरूप / Table 9: Grading Pattern**

| अंक सीमा (% में)<br>Marks Range (in %) | ग्रेड<br>Grade | विवरण<br>Description |
|---|---|---|
| 75-100 | ए/A | सर्वोत्कृष्ट/Excellent |
| 60-74 | बी/B | बहुत अच्छा/Very Good |
| 45-59 | सी/C | अच्छा/Good |
| 33-44 | डी/D | संतोषजनक/Satisfactory |
| Below 33 | ई/E | विषय उत्तीर्ण करना शेष है (एसवाईसी)<br>Subject yet to be (SYC) cleared |

## 4.5 दस्तावेज़ों की दूसरी प्रति जारी करना

संशोधित दस्तावेज़ों की दूसरी प्रतियों के लिए शुल्क निम्नानुसार लिया जाएगा।

## 4.5 Issue of Duplicate Documents

The fee for revised duplicate documents will be charged as mentioned below:

तालिका 10 : विविध शुल्क

| **शुल्क की प्रवृत्ति**<br>**Nature of Fees** | **शुल्क की राशि (रु. में)**<br>**Amount of Fees (in Rs.)** |
|---|---|
| परिणाम सह-स्थानांतरण प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति<br>Duplicate copy of the Achievement cum Transfer Certificate | 200/- |
| एनआईओएस दस्तावेज़ों का सत्यापन (निजी कंपनियों और स्व शिक्षार्थियों के लिए)<br>Verification of NIOS documents (for Private companies and individual learners) | 500/- |
| प्रमाणपत्र प्राप्त होने की तिथि से 48 घंटों के अंदर तत्काल आधार पर प्रमाणपत्रों का सत्यापन (निजी कंपनियों और स्व शिक्षार्थियों के लिए)<br>Verification of certificate on urgent basis within 48 hours from the date of receipt (for Private companies and individual learners) | 1000/- |
| डाक खर्च (यदि सामग्री स्पीड पोस्ट से भेजी जानी है)<br>Postal Charges (If the above documents are required by Speed Post) | 50/- |

**नोट :**

- परिणाम सह-स्थानांतरण प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए ई-सेवा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
- प्रमाणपत्र प्राप्त शिक्षार्थी को पहचान पत्र की दूसरी प्रति नहीं दी जाएगी।
- प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति के मामले में, शपथ पत्र आवश्यक है।

**Note:**

- Apply online through E-service for obtaining duplicate copy of Achievement cum Transfer Certificate.
- Duplicate I-cards will not be issued to certified candidates.
- In case of duplicate certificate, an affidavit is required.

## 4.6 अनुचित साधन (यूएफएम)

शिक्षार्थी द्वारा परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग किए जाने पर उसकी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी और उसे आगामी परीक्षाओं में बैठने से भी रोका जा सकता है। शिक्षार्थी का प्रवेश भी रद्द किया जा सकता है।

## 4.6 Unfair Means (UFMs)

In case of use of unfair means by the learner in examination, the examination will be cancelled and could be further debarred from appearing in the future examinations. The learner's admission may also be cancelled.

# 5 एनआईओएस परीक्षाओं के संदर्भ में सामान्य तथा विशेष प्रावधान (अक्षमतानुसार) General and Specific Provisions (Disability wise) in the context of NIOS Examinations

दृष्टिहीनता, दृष्टिबाधिता, वाकबाधिता, गति अक्षमता और अन्य प्रकार की अक्षमता वाले जिन (अक्षमतानुसार) अक्षम शिक्षार्थियों को परीक्षा लिखने में कठिनाई होती है उनके लिए आवश्यकता के आधार पर लेखक, तकनीकी उपकरणों आदि की सुविधा का प्रावधान है। एनआईओएस की समय-समय पर अधिसूचित प्रक्रिया के अनुसार उनकी अक्षमताओं के आधार पर सामान्य सुविधाओं का प्रावधान है।

स्पष्टता के लिए उपबंधित प्रावधानों को खण्डों तथा उप-खण्डों में परिभाषित किया गया है।

## 5.1 प्रक्रिया संबंधी आवश्यकताएँ

विकलांगता अधिनियम 1995 तथा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 में निर्दिष्ट शिक्षार्थियों की अक्षमता तथा वे शिक्षार्थी जिन्हें अधिगम में विशेष परेशानियाँ हैं और वे विशेष सुविधाएँ प्राप्त करना चाहते हैं अथवा जिन्हें परीक्षा में कुछ विशेष सुविधाओं की आवश्यकता है उन्हें एनआईओएस के संबंधित क्षेत्रीय केंद्र को दिए गए प्रोफार्मा में एक आवेदन जमा करना आवश्यक है। एक उचित अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र दें जिसमें अक्षमता की प्रकृति तथा अक्षमता की सीमा दर्शाई गई हो।

अक्षम शिक्षार्थियों के लिए निम्नांकित में से किसी के द्वारा जारी किया गया चिकित्सा प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

i. केंद्रीय अथवा राज्य सरकार के सरकारी अस्पताल द्वारा जारी अक्षमता प्रमाणपत्र।

The learners with disabilities like blindness, low vision, speech impairment, locomotor disability and any other disability which causes difficulty in writing the examinations are to be provided with need based provisions such as amanuensis, technological devices etc. The provisions shall be according to their disabilities as per the procedure notified by NIOS from time to time.

The provisions made have been precisely defined in clauses and sub-clauses for clarity.

## 5.1 Procedural Requirements

The learners with disabilities as defined in the Persons with Disabilities Act 1995 and the National Trust Act, 1999 and those with specific learning difficulties who wish to avail certain facilities or need some reasonable accommodations in the examinations are required to submit an application in the given format to the concerned Regional Centre of NIOS. A learner should clearly indicate the support required along with the certificate issued by an appropriate authority indicating the nature of disability and the extent of the disability.

A Medical Certificate issued by any of the following authorities is required for availing specific provisions by learners with disability:

i. Disability Certificate(s) issued by Government Hospitals under Central or State Governments.

ii. राष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त संस्थानों जैसे नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लाइंड, स्पैस्टिक सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी अक्षमता प्रमाणपत्र।

iii. संबंधित राज्यों के गैर-सरकारी संगठनों/भारतीय पुनर्वास परिषद् के साथ पंजीकृत चिकित्सकों/ केंद्र सरकार/ संबंधित राज्यों की राज्य सरकार द्वारा जारी अक्षमता प्रमाणपत्र।

परीक्षा में बैठने के दौरान शिक्षार्थी प्रमाणपत्र में दर्शाए अनुसार उत्तर पुस्तिका के ऊपर अक्षमता लिखें।

## 5.2 सामान्य प्रावधान

### 5.2.1 अतिरिक्त समय का प्रावधान

अक्षम शिक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता निर्धारित करने के लिए अक्षमताओं वाले सभी शिक्षार्थियों की स्थित उपयुक्त अनुमोदित प्रक्रिया के अनुसार प्रमाणित की जाए।

i. लेखक द्वारा पढ़ने, प्रश्नपत्रों को समझने, लेखक को डिक्टेशन देते हुए लगातार बैठे रहने, थकान आदि की पूर्ति करने के लिए प्रत्येक विषय की परीक्षा के लिए 20 मिनट प्रति घंटे का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा।

ii. ऊपर निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाणपत्र में उल्लिखित लघु अंतराल की आवश्यकता हो तो उपर्युक्त के अतिरिक्त दस मिनट प्रति घंटे के लघु अंतराल की अनुमति दी जाएगी।

### 5.2.2 लेखक का प्रावधान

लेखक, रीडर, प्रयोगशाला सहायक की सेवाओं का लाभ केवल संबंधित विषय की आवश्यकतानुसार उठाया जा सकता है। निम्नलिखित श्रेणियों के शिक्षार्थी इस सुविधा के पात्र होंगे:

क. ऑटिज़्म से ग्रसित शिक्षार्थी

ख. मानसिक पक्षाघात

ii. Disability Certificate(s) issued by recognized institutes of national level such as National Association for the Blind, Spastic Society of India etc.

iii. Disability Certificate(s) issued by non-governmental organizations/ practitioners registered with Rehabilitation Council of India/ Central Government/ State Government of the respective States.

While appearing in the examination, the learner should write disability as mentioned in the certificate on the top of the answer book.

## 5.2 General Provisions

### *5.2.1 Provision of Additional Time*

The condition of learners with disabilities will have to be certified as per approved procedure as mentioned above for determining requirement of additional time.

i. An additional 20 minutes per hour of examination for each of the subject will be provided to compensate for additional time required for reading by the amanuensis, understanding the questions, fatigue while dictating to the Amanuensis, sitting continuously etc.

ii. If the condition indicated in the Medical Certificate specified above requires short break, a break of not more than ten minutes per hour will be permitted in addition to above.

### *5.2.2 Provision of Amanuensis*

